nandgaon times march-17-4.qxd 3/17/2026 12:00 AM Page 1

asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

बिदाई के अवसर पर छलका आठवीं के... पृष्ठ 2
दोना-पत्तल के व्यवसाय से आत्मनिर्भर बनीं... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

मंगलवार, 17 मार्च 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 152, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ छत्तीसगढ़ का सामूहिक विवाह



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ ने सामाजिक समरसता, जनभागीदारी और संवेदनशील शासन की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए विश्व स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान दर्ज कराई है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय सामूहिक विवाह समारोह को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में स्थान मिला है। एक ही दिन में हजारों जोड़ों का विवाह संपन्न कराकर छत्तीसगढ़ ने सामाजिक एकता और अंत्योदय की भावना का ऐसा प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है, जिसकी देशभर में सराहना हो रही है।

10 फरवरी को राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित इस भव्य समारोह में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सान्निध्य में पूरे प्रदेश से कुल 6,412 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे। इनमें से 1,316 जोड़ों का विवाह रायपुर में प्रत्यक्ष रूप से संपन्न हुआ, जबकि शेष जोड़े प्रदेश के विभिन्न जिलों से वर्चुअल माध्यम से इस ऐतिहासिक आयोजन से जुड़े। सभी विवाह धार्मिक परंपराओं और सामाजिक रीति-रिवाजों के अनुरूप संपन्न कराए गए, जिससे यह आयोजन केवल एक सरकारी

### 6,412 जोड़ों के साथ सामाजिक समरसता के साथ ऐतिहासिक मिसाल

कार्यक्रम न रहकर सामाजिक समरसता और सामूहिक खुशियों का विराट उत्सव बन गया।

इस ऐतिहासिक आयोजन को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया जाना छत्तीसगढ़ के लिए गर्व और गौरव का विषय है। इस समारोह की विशेषता यह भी रही कि इसमें हिंदू, मुस्लिम, ईसाई, बौद्ध तथा विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के जोड़ों ने अपने-अपने धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह संपन्न किए। यह आयोजन छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विविधता, आपसी सद्भाव और सर्वधर्म समभाव की भावना का जीवंत प्रतीक बन गया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए सम्मान, विश्वास और सामाजिक सुरक्षा का मजबूत आधार बन गई है। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था जब आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बेटियों का विवाह बड़ी चिंता का विषय होता था, लेकिन इस योजना ने उस चिंता को दूर कर हजारों परिवारों के जीवन में नई खुशियां और विश्वास का संचार किया है। योजना के अंतर्गत प्रत्येक नवविवाहित दंपति को 35 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की शुरुआत पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में की गई थी और वर्तमान सरकार इसे और अधिक व्यापक स्वरूप देते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे और सामाजिक समरसता को और मजबूत बनाया जाए। यह ऐतिहासिक आयोजन इस



बात का प्रमाण है कि जब शासन की योजनाएं संवेदनशीलता, जनभागीदारी और सामाजिक सहयोग के साथ लागू होती हैं, तब वे केवल सरकारी योजनाएं नहीं रह जातीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन की प्रेरणा बन जाती हैं। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ को सामाजिक समरसता और जनकल्याण के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान प्रदान करती है।

## राजनांदगांव में मंगल पाठ कार्यक्रम का भव्य आयोजन, 600 से अधिक श्रद्धालु हुए शामिल



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कुल देवी मनसा दहमी माता परिवार द्वारा आयोजित मंगल पाठ कार्यक्रम में करीब 600 लोगों की भीड़ उमड़ी। छत्तीसगढ़ के अलावा महाराष्ट्र, ओडिशा और कोलकाता से भी कई परिवार इस धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण कविता अग्रवाल की मधुर आवाज रही, जिसने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। राजनांदगांव की विभिन्न धार्मिक संस्थाओं से जुड़े लोग भी बड़ी संख्या में पहुंचे। मंगल पाठ की पुस्तक विशेष रूप से श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र बनी। आयोजन में च्जय हो राजस्थान बहरोड़ वाली मनसा दहमी माताज्ज् के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। आयोजकों ने इसे माई के आशीर्वाद और दहमी परिवार के कार्यकर्ताओं की मेहनत का फल बताया। श्रद्धा, संगीत और सामूहिक भागीदारी से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ, जिसने एक बार फिर क्षेत्र में धार्मिक एकता और सांस्कृतिक समरसता की मिसाल पेश की।

## नक्सली ठिकाने पर पुलिस ने दी दबिश, मौके से हथियार व सामान छोड़ भागे

### इंसास राइफल मय मैगजीन, 15 जिंदा कारतूस सहित सामग्री बरामद



मनोज यादव

**मोहला (नांदगांव टाइम्स)।** जिला पुलिस मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी द्वारा जिले को नक्सल मुक्त बनाने हेतु लगातार नक्सल विरोधी अभियान चलाया जा रहा है इसी के अंतर्गत राजनांदगांव रेंज के पुलिस महानिरीक्षक बालाजी राव सोमावार के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वाय. पी. सिंह के नेतृत्व में पुलिस को एक और बड़ी सफलता प्राप्त हुई है।बीते रविवार के दिन थाना औंधी क्षेत्र अंतर्गत कोहकाटोला जंगल क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों की सूचना प्राप्त हुई कि 4-5 नक्सली हथियार लेकर क्षेत्र में घूम रहे हैं।सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया तथा उनके निर्देशानुसार थाना स्टाफ सीएएफ डीआरजी बल एवं कांकेर पुलिस की तरफसे डीआरजी के बल को



रवाना किया गया।जिला पुलिस बल, सीएएफ और डीआरजी बल की पार्टी के द्वारा सर्चिंग के दौरान कोहकाटोला जंगल में संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी की गई। इसी दौरान पुलिस टीम को देखकर नक्सली घने जंगल एवं पहाड़ी क्षेत्र का फायदा उठाकर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा उनका पीछा किया गया, किंतु जंगल एवं पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण नक्सली जंगल का आड़ लेते हुए मौके से भाग गए। पुलिस टीम द्वारा सर्चिंग के दौरान मौके से एक नग इंसास राइफल ,मय मैगजीन जिसमें 15 नग जिंदा कारतूस,पावर बैंक,दवाईयां,बैग,खाद्य सामग्री एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद कर जब्त की गई।

**2010 में नक्सलियों द्वारा लूटी गई राइफल जप्त**

बरामद किए गए इंसास राइफल के संबंध में आत्म समर्पित नक्सलियों से पता चला कि उक्त राइफल को महिला नक्सली कमांडर हिड़मे मरकाम के द्वारा रखा जाता था तथा बरामद राइफल (बॉडी नंबर 16799802) को नक्सलियों द्वारा सन् 2010 में कांकेर जिला थाना दुर्गकोंडल के क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भुस्की से लूट लिया गया था।

**भाग खड़े हुए नक्सलियों में यह है शामिल**

उक्त नक्सलियों में राजे, मंगेश, हिडमे एवं अन्य के विरुद्ध विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10, 13, 18, 20, 38(1) (2) तथा आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना की गयी।

## छात्रा से छेड़छाड़ मामले में समझौते का दबाव, पीड़ित परिवार ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**छुईखदान (नांदगांव टाइम्स)।** थाना छुईखदान क्षेत्र के ग्राम पुरेना



निवासी रवि कुमार कन्नौजे ने पुलिस अधीक्षक खैरागढ़ को लिखित शिकायत देकर बताया है कि उनकी 12वीं कक्षा में पढ़ने वाली पुत्री के साथ गांव के ही ऋतुराज जंघेल द्वारा छेड़छाड़ की घटना की गई थी। शिकायत के अनुसार जब उनकी पुत्री स्कूल जा रही थी, तभी ग्राम घिथौली के पहले नहर नाली के पास आरोपी ने उसका हाथ पकड़कर जबरदस्ती करने का प्रयास किया। घटना के बाद पीड़िता ने थाना छुईखदान में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके आधार पर दिनांक 16 फरवरी 2026 को आरोपी ऋतुराज जंघेल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 74(2) तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा 3(1)(11) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि मामला दर्ज होने के बाद अब आरोपी पक्ष के लोग एकजुट होकर उन पर लगातार राजीनामा (समझौता) करने का दबाव बना रहे हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार समझौता नहीं करने पर गंभीर परिणाम भुगतने और गांव से बाहर निकालने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित रवि कुमार कन्नौजे ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि धमकी देने वाले लोगों के खिलाफसख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और उनके परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए।

## पाण्डेटोला राशन दुकान में बड़ी धांधली घर में छिपाकर रखा 24 कट्टा सरकारी चावल जप्त

### कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, विक्रेता ने नियमों को ताक पर रखकर निजी आवास से बांटा राशन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफप्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के सख्त निर्देश पर खाद्य विभाग की टीम ने छुरिया विकासखंड के ग्राम पाण्डेटोला में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान में दबिश देकर राशन की कालाबाजारी का भंडाफोड़ किया है। जांच के दौरान मां शीतला स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित दुकान में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं, जिसके बाद भारी मात्रा में चावल जप्त किया गया।

**निजी घर से हो रहा था सरकारी राशन का खेल**

खाद्य विभाग की टीम ने जब जनपद सदस्य, पंचों और ग्राम पटेल की मौजूदगी में औचक



निरीक्षण किया, तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ। दुकान के विक्रेता वीरेन्द्र साहू ने फरवरी माह का 28 कट्टा सरकारी चावल अवैध रूप से गांव के ही टीकेश्वर साहू के घर में छिपाकर रखा था। जांच में यह भी सामने आया कि नियमों का उल्लंघन करते हुए 4 कट्टा चावल का वितरण भी इसी निजी घर से कर दिया गया था। निरीक्षण के दौरान दुकान के भौतिक सत्यापन में ऑनलाइन रिकॉर्ड और मौके पर उपलब्ध स्टॉक में भारी अंतर पाया गया। ऑनलाइन रिकॉर्ड के मुताबिक 30 किलो चावल, 39 किलो शक्कर और 20 किलो नमक शेष दिख रहा था। वहीं मौके की स्थिति स्टॉक मिलान में भारी विसंगति मिली और विक्रेता संबंधित स्टॉक का डीओ (ष्ठह्र) भी पेश नहीं कर सका। पंचों की उपस्थिति में टीकेश्वर साहू के घर से शेष 24 कट्टा (11.70 क्विंटल) चावल जप्त कर लिया गया है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राशन की हेराफेरी के इस गंभीर मामले में दोषियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के प्रावधानों के तहत कड़ी वैधानिक कार्रवाई

## मुख्यमंत्री के साथ मंच साझा करने का अवसर मिला मनोज निर्वाणी को

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ - आज मुख्यमंत्री निवास पर स्वास्थ्य विभाग से संबंधित विषय को



लेकर जिला भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज निर्वाणी जी को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के साथ मंच साझा करने का अवसर मिला। इस अवसर पर चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजन डॉक्टर देवेंद्र कश्यप जी और मुख्यमंत्री की ओएसडी तुलसी कौशिक जी भी उपस्थित थे। मनोज निर्वाणी जी ने मुख्यमंत्री के साथ स्वास्थ्य विभाग से संबंधित विषयों पर चर्चा की और झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ की ओर से स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सुझाव दिए। मनोज निर्वाणी जी ने कहा कि यह उनके लिए गर्व की बात है कि उन्हें मुख्यमंत्री के साथ मंच साझा करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि वे स्वास्थ्य विभाग से संबंधित विषयों पर मुख्यमंत्री के साथ चर्चा करके बहुत खुश हैं और आगे भी स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए काम करते रहेंगे।

## छुईखदान जनपद का बजट मामला राज्य स्तर तक पहुंचा

### वित्तीय वर्षों की स्वीकृति पर स्पष्टता के लिए संचालनालय को लिखा गया पत्र

**खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** जनपद पंचायत छुईखदान में बजट से जुड़ा विषय अब राज्य स्तर तक पहुंच गया है। बजट प्रक्रिया से संबंधित स्थिति को स्पष्ट करने के लिए उपसंचालक पंचायत गीत कुमार सिंह ने पंचायत संचालनालय नवा रायपुर को पत्र लिखकर आवश्यक मार्गदर्शन मांगा है।

उपसंचालक द्वारा भेजे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि यदि वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 का बजट निर्धारित समय-सीमा में अनुमोदित नहीं हो पाया है, तो क्या वर्तमान में इन बजटों को कार्योत्तर (पोस्ट-फैक्टो) स्वीकृति देना नियमों के अनुरूप होगा या नहीं। इस विषय में संचालनालय से स्पष्ट दिशा-निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

पत्र में यह भी बताया गया है कि जनपद पंचायत छुईखदान द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट 3 मार्च 2026 को तथा 2025-26 का बजट 5 मार्च 2026 को अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया गया है। सामान्य प्रक्रिया के अनुसार बजट को जनवरी से फरवरी के बीच तैयार कर अनुमोदन के लिए भेजा जाना अपेक्षित होता है। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट की स्वीकृति भी निर्धारित समय पर



पूरी नहीं हो पाई थी, जिसके कारण बजट प्रक्रिया के संबंध में प्रशासनिक स्तर पर स्पष्टीकरण की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

उपसंचालक ने अपने पत्र में यह भी पूछा है कि यदि पिछले दो वित्तीय वर्षों का बजट विधिवत स्वीकृत नहीं हुआ है, तो वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट तैयार करने के लिए किन आधार अभिलेखों को मान्य माना जाए। इस संदर्भ में उन्होंने वास्तविक आय-व्यय विवरण, कोषागार अभिलेख, लेखा पुस्तिकाओं और अन्य अधिकृत दस्तावेजों के उपयोग संबंधी दिशा-निर्देश मांगे हैं। इस विषय को लेकर जनपद पंचायत के सभापति सुधीर गोलछा सहित कुछ जनप्रतिनिधियों ने भी प्रशासन से बजट प्रक्रिया को नियमों के अनुरूप और स्पष्ट बनाने की आवश्यकता बताई है। उनका कहना है कि संचालनालय से मार्गदर्शन प्राप्त होने के बाद आगे की प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित रूप से पूरी की जा सकेगी। गौरतलब है कि छुईखदान जनपद पंचायत में बजट प्रक्रिया को लेकर पिछले कुछ समय से चर्चा का विषय बना हुआ है। अब जब मामला पंचायत संचालनालय नवा रायपुर तक पहुंच चुका है, तो स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की नजर राज्य स्तर से मिलने वाले दिशा-निर्देशों पर टिकी हुई है। आने वाले समय में संचालनालय की ओर से प्राप्त मार्गदर्शन के आधार पर आगे की प्रशासनिक प्रक्रिया तय होने की संभावना है।

## राजनांदगांव विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के गठन की मांग

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर के पूर्व पार्षद एवं वरिष्ठ



कांग्रेस नेता राजेश कुमार चंपू ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर माननीय डॉ. रमन सिंह जी , विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव के क्षेत्रीय विधायक से राजनांदगांव के समग्र एवं सुनियोजित विकास के लिए राजनांदगांव विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के गठन की मांग की है। प्रेस विज्ञप्ति में राजेश कुमार चंपू ने कहा कि राजनांदगांव शहर और आसपास के क्षेत्रों का तेजी से विस्तार हो रहा है, लेकिन इसके अनुरूप आधारभूत सुविधाओं और योजनाबद्ध विकास की कमी साफदिखाई देती है। शहर में यातायात व्यवस्था, जल निकासी, सड़क, पेयजल, आवास तथा नए विकसित हो रहे क्षेत्रों के समुचित नियोजन के लिए एक सक्षम और विशेष प्राधिकरण का गठन समय की मांग है। उन्होंने कहा कि यदि राजनांदगांव के लिए विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण का गठन किया जाता है तो शहर के विकास कार्यों में तेजी आएगी, साथ ही दीर्घकालीन योजनाओं के माध्यम से शहर को आधुनिक और सुव्यवस्थित बनाया जा सकेगा। इससे आम नागरिकों को भी बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। चंपू ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से आग्रह करते हुए कहा कि राजनांदगांव के नागरिकों की आवश्यकताओं और शहर के भविष्य को ध्यान में रखते हुए शीघ्र ही राजनांदगांव विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के गठन की दिशा में आवश्यक पहल की जाए, ताकि शहर के विकास को नई गति मिल सके।

CMYK

# बिदाई के अवसर पर छलका आठवीं के विद्यार्थियों की आंसू



राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )। गत शुक्रवार को छुरिया विकास खंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी के कक्षा छठवीं एवं सातवीं के विद्यार्थियों ने मिलकर भव्य बिदाई समारोह आयोजित कर कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों को भावभीनी बिदाई दी।इस अवसर पर कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों के आंखों से आंसू छलक पड़ा। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि सरपंच चित्रा कोर्राम थे,अध्यक्षता शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष टोमन ठाकुर ने किया।विशेष अतिथि ग्रामपटेल राजकुमार पटेल,उपसरपंच सुशील कुमार कंवर, प्रधानपाठक द्वय उमेन्द सिंह मंडावी एवं जाकेश कुमार साहू,शिक्षकगण दिनेश कुमार कुरेटी, तिलक राम बढ़ई,शोभराय कार्ते,अखिलेश्वर सिंह ठाकुर,सुषमा नेताम, चुम्मन लाल भुआर्य, जगन्नाथ नेताम एवं रोमन कुमार साहू रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना के साथ हुआ पश्चात अतिथियों का बैच एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि शाला भी एक परिवार की तरह होता है।मिडिल स्कूल में बच्चे

## कल्लूबंजारी के कनिष्ठ छात्रों ने दी वरिष्ठ छात्रों को भावभीनी बिदाई

तीन सत्र तक रहकर पढ़ाई करते है।पढ़ाई करते समय विभिन्न प्रकार के शिक्षा ग्रहण करते है। तीन सत्र तक एक साथ रहने से एक दूसरे से जुड़ाव हो जाता है इसलिए बिदाई के समय दुःख का अनुभव होता है। बच्चों को जीवन कौशल के शिक्षा के साथ अच्छा नागरिक बनने की शिक्षा भी दी जाती है।सभी बच्चों को समान रूप से शिक्षा दी जाती है इसके बाद भी कुछ बच्चे पीछे रह जाते है। सभी बच्चों को अच्छा से अच्छा पढ़ाई करके अपने स्वयं तथा अपने माता-पिता के सपनों को साकार करना होगा। गुरूजनों के शिक्षा को सार्थक बनाना होगा।शरारती बच्चों को अपनी शरारत छोड़कर एक आदर्श विद्यार्थी का रूप प्रस्तुत करना होगा। हर शिक्षक चाहता है कि उनका विद्यार्थी ऊंचे से ऊंचे मंजिल को प्राप्त करने में कामयाब हो। भविष्य में स्वाभिमानी एवं आत्मनिर्भर बने।हर विद्यार्थी को ऊंचा लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने का सफल प्रयास करना चाहिए। कक्षा आठवीं की ओर से बालकेबिनेट प्रमुख उरांसी कंवर,प्रहरी क्लब के प्रमुख यशराज तिवारी,भारती सिन्हा,ललेश्वर ताम्रकार,लीलाधर यादव,बिंदिया साहू एवं रीषिका नटानी ने सभा को संबोधित किया तथा जाने अनजाने में की गयी भूल के लिए क्षमा याचना की।विज्ञान शिक्षिका सुषमा नेताम के मार्गदर्शन में बनायी गयी कागज के आकर्षक बैच से अतिथियों एवं कक्षा आठवीं के बच्चों को सम्मानित किया गया जो विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। बालकेबिनेट द्वारा सत्र भर में की गयी रचनात्मक गतिविधियों पर आधारित फोटो ग्राफसे सजी फ्लैक्स अनुकरणीय एवं प्रसंशनीय रहा। आठवीं के बच्चों को उपहार के रूप में पेन,पेन्सिल,कटर एवं मेटनी से भरा आर्कषक पैकेट प्रदान किया गया।



सभा को समस्त अतिथियों ने संबोधित कर बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कवि एवं नवाचारी शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी के स्वरचित बिदाई गीत की प्रस्तुति से वातावरण गमगीन बन गया तथा बच्चे फूट-फूट रोने लगे।वरिष्ठ एवं कनिष्ठ सभी बच्चों के आंखों से आंसू छलक पड़े। बच्चों को रोते देख अतिथिगण भी अपने आंसू नहीं रोक पाये।शिक्षक श्री कुरेटी ने आठवीं के अपने समस्त प्रिय विद्यार्थियों पर फुल बरसा कर कार्यक्रम को भव्यता प्रदान किया।कार्यक्रम का सफल संचालन कु. काजल पटेल एवं कु.भिनेश्वरी साहू ने किया।कार्यक्रम के सफल आयोजन में कु. चांदनी कंवर,कु. टिंकल ध्रुर्वे,कु. रूपाली साहू,कु. साधना निर्मलकर, कु.नम्रता मंडावी,कु.हुनीता, गिरीश साहू,कु.लीलिमा ध्रुर्वे आदि सहित छठवीं एवं सातवीं के बच्चों का खास योगदान रहा।इस अवसर पर जितेन्द्र कुमार पटेल,गजेन्द्र कुमार ठाकुर,सुनीता रामटेके,चैती साहू, नरबदिया पटेल, अनिता पटेल आदि सहित प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# मनरेगा मजदूरों की ढाई- तीन महीने की मजदूरी बकाया, भाजपा सरकार जवाब दे - महेंद्र यादव

राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )। जिला पंचायत सदस्य एवं महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव (ग्रामीण) महेंद्र यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भारतीय जनता पार्टी की सरकार



पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में हर वर्ग अपने आप को ठगा और उपेक्षित महसूस कर रहा है। सरकार की नीतियों के कारण आम जनता, किसान और मजदूर सभी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि वी बी जी राम जी योजना की शुरुआत की बात की जा रही है, लेकिन उससे पहले ही मनरेगा के अंतर्गत कार्य करने वाले मजदूरों की मजदूरी विगत ढाईङ्कतीन महीनों से लंबित पड़ी है। मेहनत करने वाले गरीब मजदूर अपने ही हक के पैसे के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं, जिससे उनके सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। श्री यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार पंचायतों को विकास कार्यों के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध कराने में भी पूरी तरह विफल साबित हो रही है। मजदूरों की मेहनत की कमाई रोककर सरकार उनकी उपेक्षा कर रही है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है।

विभागीय अधिकारियों से जानकारी लेने पर भी केवल गोलमोल जवाब देकर जिम्मेदारी से बचने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही मनरेगा मजदूरों का लंबित भुगतान नहीं किया गया, तो कांग्रेस पार्टी मजदूरों के हक की लड़ाई के लिए सड़क से लेकर प्रशासन तक भारतीय जनता पार्टी सरकार के खिलाफ उग्र आंदोलन करने को मजबूर होगी।

# भारतीय जनता पार्टी जिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा राजनांदगांव की परिचयात्मक बैठक

राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )। जिलाध्यक्ष श्री दिलीप साहू



ओबीसी मोर्चा राजनांदगांव के नेतृत्व में जिला भाजपा कार्यालय राजनांदगांव में ज्येष्ठ व श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं का परिचयात्मक बैठक दिन मंगलवार 17 मार्च को दोपहर 12 बजे आयोजित किया गया है जिसमें आप सभी से निवेदन है की कार्यकर्ता परिचयात्मक बैठक में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनावे।

# शिक्षक मदन मंडावी कर्मवीर रत्न से सम्मानित हुए

डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )। शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ (समग्र विकास मंच) के द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय



सम्मान समारोह 15 मार्च दिन रविवार को राजधानी रायपुर के वृंदावन सभा हाल में आयोजित किया गया था। जिसमें प्रधान पाठक श्री मदन लाल मंडावी (डोंगरगढ़ ) को कर्मवीर रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया है। ज्ञात हो कि यह अकादमी प्रतिवर्ष शिक्षा, कला, साहित्य सृजन, लोक सांस्कृतिक, एवं समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करता रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ के पांचों संभाग के चयनित प्रतिभावान शिक्षकों, वरिष्ट नागरिकों, समाज सेवियों को यह मंच प्रदान करता है। उक्त आयोजन महिला दिवस को समर्पित रहा। वर्तमान में अकादमी ने श्री मदन लाल मंडावी को जिला राजनांदगांव का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस आयोजन के मुख्य अतिथिट्ठ माननीय श्री गुरु खुशवंत साहेब जी, केबिनेट मंत्री छ. गढ़ शासन, अध्यक्षता सुश्री मोना सेन जी, अध्यक्ष छ. गढ़ फिल्म विकास निगम, विशिष्ट अतिथि ट्ठ श्रीमती उत्तरी जांगड़े जी, विधायक सारंगगढ़, श्रीमती कविता प्राण लहरे जी, विधायक बिलाईगढ़, श्रीमती चातुरी नंद जी, विधायक सरायपाली रहे। जिनके करकमलों से सम्मान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के संजोजक/संस्थापक श्री संजय कुमार मैथिली जी, अध्यक्ष मीना भारद्वाज जी, संरक्षक परसराम साहू जी, सलाहकार डॉ. राजेन्द्र पाटकर, कार्यक्रम प्रभारी मोहित कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष मेहत्तर लाल देवांगन, महादेव जायसवाल, महासचिव मधु देवांगन एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी दिनेश कुरेटी जी थे। आगामी दिनों में प्रदेश के समस्त जिलों के प्रतिभावान शिक्षकों को शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ से जोड़ने का प्रयास किया जायेगा।

**शुभांक**

**3-9-0**

**249-5 224-8**

**भाग्यांक**

**456-5 899-6**

# ग्राम पंचायत ईरा में पशुधन विभाग द्वारा बांझपन उपचार एवं जागरूकता शिविर

राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )। पशुधन विकास विभाग द्वारा ग्राम पंचायत ईरा में पशुओं के स्वास्थ्य एवं नस्ल सुधार को ध्यान में रखते हुए बांझपन उपचार एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पशुपालकों को पशुओं में होने वाली बांझपन की समस्या, उसके कारण तथा उपचार के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य दुगेश साहू शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत ईरा के सरपंच किशोर साहू ने की। मुख्य अतिथि अंगेश्वर देशमुख ने अपने संबोधन में पशुपालकों को पशुओं की नस्ल सुधार पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि पशुधन विकास विभाग द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जाते हैं, जिनका अधिक से



अधिक लाभ पशुपालकों को लेना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों से ऐसे शिविरों में बड़ी संख्या में भाग लेने का आह्वान किया। शिविर में पशु चिकित्सालय सोमनी से आईं पशु चिकित्सक डॉ. मौसमी यादव ने पशुओं में होने वाले बांझपन के प्रकार, उसके कारण एवं उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पशुओं में बांझपन का प्रमुख कारण पोषक तत्वों की कमी होता है। उन्होंने पशुपालकों को पशुओं के उचित रख-रखाव, संतुलित आहार तथा पोषण पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। साथ ही आहार में यूरिया उपचारित पैरा, अजोला, हरा चारा एवं मिनरल मिक्सचर के महत्व के बारे में भी बताया। शिविर में पशु चिकित्सालय सोमनी से खिलावन साहू, बेदनाथ लहरे, श्रीमती दीप्ति वर्मा, हिमानी, भेजेंद्र एवं केवल साहू उपस्थित रहे और ग्रामीणों को तकनीकी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में ग्रामीण महेश साहू, महेंद्र साहू, चंद्रिका साहू, टिंकू साहू, प्रेम राम साहू, भूपेन्द्र देशमुख, कामता साहू, मोरध्वज निषाद, मोहित निषाद, बच्चन साहू सहित बड़ी संख्या में पशुपालक मौजूद रहे। शिविर के माध्यम से कई पशुओं की जांच कर उन्हें उपचार एवं आवश्यक परामर्श दिया गया।

# स्कूलों में बनेंगे प्रार्थना शेड, बच्चों को मिलेगी सुविधा

## ग्रामों में सीसी रोड, शेड निर्माण और रंगमंच सहित होंगे लाखों रुपये के विभिन्न कार्य

डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )। जनपद पंचायत डोंगरगांव के अंतर्गत काफी लंबे समय के अंतराल के बाद ग्राम पंचायतों में कार्यों के लिए स्वीकृति प्रदान की गई। ग्राम पंचायत की शालाओं में प्रार्थना शेड निर्माण के लिए राशि स्वीकृत हुई है। साथ ही सीसी रोड, शेड निर्माण और रंगमंच के लिए भी राशि अनुमोदित की गई है। इस संबंध में जनपद पंचायत अध्यक्ष रंजीता कपिल पडौती ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रदेश के विभिन्न ग्राम पंचायत के शालाओं में लघु कार्यों के लिए 40 करोड़ 9 लाख 5 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं डोंगरगांव जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कोकपुर, आसरा चिचदो, सांगीनकछार, रेंगाकठेरा, कोहका(मॉ), बरगाँव, साल्हे, तिलईरवार और मनेरी के प्राथमिक शाला में प्रार्थना शेड निर्माण किया जाएगा, जिसके लिए पांच-पांच लख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। श्रीमती पडौती ने इसे विकास की राह में सरकार का सकारात्मक कदम बताया है और शेड निर्माण से स्कूली बच्चों को काफी सुविधा मिलेगी, खासकर बरसात और गर्मियों के समय के लिए ये शेड काफी उपयोगी सिद्ध होगा। इसके साथ ग्राम अरसीटोला के वार्ड



नंबर 14 में सीसी रोड निर्माण के लिए 2.60 लाख, ग्राम आसरा के आदिवासी भवन के पास शेड निर्माण के लिए 2.50 तथा ग्राम जंतर के बीच पारा में रंगमंच निर्माण हेतु 2.50 लाख रुपये की राशि अनुमोदित किया गया है। इसके अलावा खनिज न्यास संस्थान मद से शासकीय प्राथमिक शाला में अड़ाम में मरम्मत कार्य के लिए 5 लाख, अरसीटोला, जंतर व चिचदो में बोर खनन कार्य के लिए 1-1 लाख, कोकपुर में पाइप लाइन विस्तार कार्य के लिए 3.92 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इसी प्रकार जनपद पंचायत विकास निधि के तहत 3 लाख की लागत से अरसीटोला में रंगमंच निर्माण तथा 2 लाख की लागत से मंदिर पारा में पोर्च निर्माण एवं टाइल्स कार्य होंगे। वहीं जनपद पंचायत के 15वें वित्त विकास निधी से ग्राम चिचदो में 2 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य सह नाली निर्माण, ग्राम जंतर में 2 लाख की लागत से महिला घाट निर्माण, ग्राम बम्हनीभाठा में 1 लाख की लागत से स्ट्रीट लाइट, ग्राम अड़ाम में 1 लाख की लागत से आहता निर्माण व वाटर कूलर, ग्राम मनेरी में 1 लाख की लागत से साहू भवन में स्टील रेलिंग कार्य किये जायेंगे।

# निधन

## कुसुमलता देवी अग्रवाल

राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )। शहर के एनएन कंप्यूटर के संचालक नितिन अग्रवाल की माताजी श्रीमती कुसुमलता देवी



अग्रवाल (71 वर्ष), धर्मपत्नी श्री किशन लाल मेहाडिया का निधन सोमवार 16 मार्च को हो गया। उनके निधन से परिवारजनों एवं परिचितों में शोक व्याप्त है।

परिजनों के अनुसार दिवंगत कुसुमलता देवी अग्रवाल की अंतिम यात्रा आज दोपहर 4:30 बजे उनके निज निवास, गायत्री स्कूल के पास केसर नगर से निकलकर लखोली मुक्ति धाम में जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुक्तिधाम में एक शोक सभा की गई जिसमें राजनांदगांव डोंगरगढ़ के सामाजिक बंधु, व्यापारी गण, एवं पारिवारिक मित्रों रिस्डरों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वर्गीय कुसुमलता देवी अग्रवाल अपने पीछे तीन पुत्र गिरधर अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, नितिन अग्रवाल तथा एक पुत्री कविता अग्रवाल सहित नाती-पोते और भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं।

# छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा का प्रदेश स्तरीय होली मिलन सम्पन्न

डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )। छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा का प्रदेश स्तरीय होली मिलन समारोह कार्यक्रम एवं प्रदेश कार्यकारिणी बैठक डोंगरगांव मंडल श्री छत्तीसगढ़ वैष्णव मंडल डोंगरगांव में आज संपन्न हुआ। होली मिलन समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान विष्णु के तेलचित्र पर पूजा अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे सांसद संतोष पाण्डे , अध्यक्षता जिला पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष किरण वैष्णव एवं अध्यक्ष नगर पंचायत भी अंजू त्रिपाठी एवं विशेष अतिथि के रूप में मनोरमा वैष्णव, प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र बैरागी रायपुर, सुरेंद्र वैष्णव सुंदरा उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में डोंगरगांव मंडलेश्वर श् बालकृष्ण दास जी वैष्णव ने सभा को संबोधित करते हुए समाज के विकास और उन्नति के लिए अपनी विचारों को एवं भवन के बाउंड्री वाल निर्माण कार्य के लिए सांसद के पास अपनी मांग को प्रमुखता से रखे। उक्त मांग को सांसद ने स्वीकार करते हुए मांग को जल्द पूरी करने का समाज को आश्वास्त किया। होली मिलन कार्यक्रम के पश्चात छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा प्रदेश प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक



आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता प्रांतीय सलाहकार इंद्रकुमार वैष्णव ने की । बैठक का प्रमुख विषय रहा प्रदेश का चुनाव चूंकि प्रदेश के पदाधिकारियों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है और समाज के उन्नति एवं विकास के लिए सभी प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्यों ने एक साथ एक सुर में कार्यकारिणी को भंग करते हुए प्रदेश चुनाव की घोषणा करते हुए निर्वाचन समिति का तत्काल गठन किया गया एवं जिसके लिए बाकी प्रांतीय कार्यकारिणीयों सदस्यों से सहमति ली गई। अंत में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे इंद्र कुमार वैष्णव ने एवं देव कुमार निर्वाणी ने संयुक्त रूप से घोषणा किया कि आज से प्रदेश कार्यकारिणी को समाप्त किया गया। आगामी समय पर चुनाव की व्यवस्था अनुसार प्रदेश कार्यकारिणी की नियुक्ति की जायेगी। उक्त बैठक में प्रदेश सलाहकार देव कुमार निर्वाणी, प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेंद्र बैरागी,सहसचिव चन्द्रशेखर वैष्णव,, शिवकुमार वैष्णव, दुष्यंत दास वैष्णव, सुरेंद्र वैष्णव, महेंद्र वैष्णव, लालबंधू वैष्णव, रामरंग वैष्णव, अजय वैष्णव कोरबा,अनूप दास, संतोष वैष्णव, संदीप वैष्णव,लव दास, बीरेंद्र कुमार वैष्णव सह सचिव बिहारी दास वैष्णव, राजेंद्र कुमार वैष्णव,( कोषाध्यक्ष) बीरेंद्र कुमार वैष्णव, श्रीकांत वैष्णव, रमेश वैष्णव, अर्जुनदास वैष्णव, कृष्ण कुमार वैष्णव हरिचरण दास वैष्णव बांधा बाजार, भूषण वैष्णव मोहला लक्ष्मी दास वैष्णव, गोस्वामी दास वैष्णव अजय वैष्णव युवराज दास वैष्णव डोंगरगांव रातापायली, नंदनी प्रभा, सावित्री वैष्णव,हिरेंद्र वैष्णव बीरेंद्र माखन वैष्णव अजय वैष्णव एवं जिला से आए हुए पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा वास्तविक व सही नाम धर्मिन यादव (Dharmin Yadav) पिता रामू लाल यादव (R▫amulal Yadav) है जो कि सत्य एवं सही है। मेरे आधार कार्ड कमांक 5564 5508 5758 में मेरा नाम धरमिन यादव (Dharmin Yadav) पिता रमूलाल यादव (R▫amulal Yadav) जो कि त्रुटिपूर्ण है ।

अतः मैं अपने आधार कार्ड में अपना सही नाम धर्मिन यादव (Dharmin Yadav) पिता रामू लाल यादव (R▫amulal Yadav) को दर्ज कराने हेतु छ.ग. राज पत्र में प्रकाशन किये जाने हेतु शपथ पत्र प्राप्त करने आवेदन प्रस्तुत कर रही हूं।

**धर्मिन यादव**
**पिता रामूलाल यादव**
**निवासी सिनेमा लाईन वार्ड नं. 07**
**सेवतापारा डोंगरगांव**
**तहसील-डोंगरगांव**
**जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत-नवागांव विकासखंड व जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

क्र.:/ग्रा.पं. नवागांव/2026 दिनांक 16.03.2026

**नीलामी आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सत्र 2026-2027 के लिए ग्राम पंचायत नवागांव में साप्ताहिक बाजार नीलामी शनिवार 21/03/2026 को समय दोपहर 12:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा बैठक में पारित प्रस्ताव अनुसार किया जाना है, जिसकी नीलामी पंचायत भवन में नियमानुसार होगी।

इच्छुक बोलीकर्ता अमानत राशि जमा कर नीलामी में शामिल हो सकते है, नीलामी को लेकर नियम व शर्तो का अवलोकन कार्यालयीन समय में सूचना पटल पर किया जा सकता है।

**सरपंच/सचिव**
**ग्राम पंचायत नवागांव**
**जनपद व जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

**आम - सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने मो. हनीफ खान पिता- मो. लतीफ खान उम्र -63 ग्रीन हाइट्स में फ्लैट वार्ड नं 45,कोरीन भाठा, राजनांदगांव ( छ. ग) को खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना दे दिया है सिर्फ पंजीयन शेष है।

अतः उक्त फ़्लैट पर किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय या बैंक आदि का कोई स्वत्व, हित, हक याअधिकार सँनिहित हो तो इस संबंध में किसी प्रकार को कोई उजर आपत्ति य दावा हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर अपना दावा-आपत्ति मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात किया गया दावा/आपत्ति की गई ते वह शून्य और अमान्य होगी। और मेने पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

दिनांक 16/03/2026

**अनिस खान**
**अधिवक्ता**
जूनी हटरी, राजनांदगांव
मो: 7869594111

# विष्णु लोधी ने महारानी अवंतीबाई लोधी के बलिदान दिवस को भव्य बनाने का किया आह्वान

डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )। राजनांदगांव जिला लोधी समाज की खैरागढ़ में आयोजित बैठक में आगामी 22 मार्च को जिला कबीरधाम के ग्राम सेमरिया में आयोजित होने वाले अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी जी के प्रदेश स्तरीय बलिदान दिवस कार्यक्रम को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित समाज के वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों को प्रदेश बैठक में पारित निर्णयों एवं कार्यक्रम के लिए निर्धारित सहयोग राशि की जानकारी दी गई। साथ ही कार्यक्रम को भव्य, ऐतिहासिक एवं सफल बनाने के लिए सभी से सक्रिय सहभागिता



का आग्रह किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी ने समाज के सभी साथियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी जी के बलिदान दिवस को गरिमामय एवं यादगार बनाने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि समाज की एकजुटता और सहभागिता से ही इस प्रकार के ऐतिहासिक कार्यक्रम सफल होते हैं। बैठक में प्रमुख रूप से संरक्षक तीरथ चंदेल, जिला अध्यक्ष उत्तम जंघेल, महामंत्री नंदकुमार चंदेल,लखन जंघेल, स्वारूप वर्मा, महेश्वर जंघेल,अशोक जंघेल, बालमुकुंद वर्मा, ओमकार लिल्हारे,उत्तम वर्मा, पुरूषोत्तम वर्मा,चेतन वर्मा, जितेन्द्र वर्मा,डेराराम वर्मा,भागवत वर्मा, प्रकाश वर्मा,हर्षवर्धन वर्मा,विश्राम वर्मा आदि बड़ी संख्या में उपस्थित समाजजनों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तन, मन और धन से सहयोग करने का विश्वास व्यक्त किया।

**- नाम परिवर्तन -**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं धुरपता अंजूर धुर्वे पति अंजूर धुर्वे निवासी ग्राम-पो.-थाना बोरतलाव तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ0ग0 की निवासी हूं मेरे राजस्व अभिलेख ग्राम बोरतलाव में मायके का नाम रजोला पिता शीतल अंकित हैं जिसे परिवर्तन कर एव अब मेरे ससुराल का पूरा नाम धुरपता अंजूर धुर्वे DHURPATA ANJUR DHURVE पति अंजूर धुर्वे ANJUR DHURVE के नाम से जाना एव पहचाना जावे । सूचना जाने

भवदीय
**(धुरपता अंजूर धुर्वे)**
**पति अंजूर धुर्वे**
**निवासी ग्राम-पो.-थाना बोरतलाव**
**तहसील डोंगरगढ़**
**जिला-राजनांदगांव छ.ग.**

**- नाम परिवर्तन -**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं श्यामराव उइके पिता जयराम निवासी ग्राम-पो.-बागरेकसा थाना बोरतलाव तहसील ला.ब.नगर जिला-राजनांदगांव छ0ग0 का निवासी हूं मेरे राजस्व अभिलेख ग्राम बागरेकसा मे नाम भागीलाल पिता जयराम अंकित हैं जिसे परिवर्तन कर एव अब मेरा पूरा नाम श्यामराव उइके SHYAMRAV UIKE पिता जयराम JAIRAM के नाम से जाना एव पहचाना जावे ।

**सूचना जाने**
**भवदीय**
**(श्यामराव उइके)**
**पिता जयराम**
**निवासी ग्राम-पो.-बागरेकसा**
**तहसील ला.ब.नगर**
**जिला-राजनांदगांव छ.ग.**

## ज्ञान मंथन

*1) गोवा के पास भारत और इटली के बीच नौसैनिक अभ्यास में किस भारतीय विमानवाहक पोत ने भाग लिया? 2) प्राचीन और अत्यधिक अपक्षयित मिट्टी में फॉस्फोरस के प्रमुख च्गेटकीपरज्ज् के रूप में किस जीव समूह की पहचान की गई है? 3) हाल ही में भारत की पहली निजी सैन्य विमान फैक्ट्री का उद्घाटन किस राज्य में हुआ? 4) दुनिया का पहला च्कैशलेस समाजज् कौन सा देश बना है? 5) हाल ही में जापान में पीएम मोदी को उपहार में दी गई दारुमा गुड़िया किस भारतीय भिक्षु के मॉडल पर आधारित है?*


**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) आईएनएस विक्रमादित्य (2) मिट्टी में पाए जाने वाले सूक्ष्मजीव (फफूंदी और बैक्टीरिया (3) गुजरात (4) स्वीडन (5) बौद्ध भिक्षु बोधिधर्म

## जब बुद्धि में भेद आ जाए तो वह हमेशा भयभीत रहता है



**रतनपुर।** परम पूज्य गुरुदेव श्री संकर्षण शरण जी (गुरुजी) ने आज श्रीमद् भागवत कथा में कंस वध कि कथा बताएं , हम सब का मन ही मथुरा है और कंस अर्थात भेद बुद्धि, जिसकी बुद्धि उचित को अनुचित और अनुचित को उचित समझे भेद बुद्धि हो ,वह हमेशा भयभीत रहता है भटकते रहता है। कंस पूरे समय भयभीत है कि कभी भी उसकी मृत्यु हो सकती है और कृष्ण को मारने के लिए तमाम तरह के उपाय करते हैं। जब बुद्धि में भेद आ जाए तो वह हमेशा भयभीत रहता है कंस भयभीत है और मथुरा में सभी आनंद में है,गोपियों वह इंद्रियां जो भगवान का रसपान कर रही है हमेशा आनंद में है , कंस कितना ही धूर्तता और चालाकी किया अंत में भगवान कृष्ण उसका वध करते हैं। आगे उधो की कथा में बताते हैं कि जब उधो भगवान का संदेश लेकर ब्रजमंडल में जाते हैं, लेकिन वहां गोपियों और माता यशोदा का प्रेम देखकर उनका ज्ञान ज्यों का त्यों रह जाता है, ज्ञान अपने को समझा करके बुद्धि विचार से स्वयं को समझा करके तमाम तरह के तर्क देकर के काम करना चाहता है लेकिन प्रेम का भाव जब बढ़ जाता है तो वहां पर सब बुद्धि धरी कि धरी रह जाती है , ज्ञानी होना केवल जरूरी नहीं है प्रेम की आवश्यकता होती है ,भक्ति की जरूरत है ,। भगवान कहते है केवल ज्ञान ही लेकर मत बैठ जाना उसके आगे की यात्रा करना क्योंकि ज्ञान एक मार्ग है उस मार्ग में चलकर प्रेमी बनो, भक्त बनो ,भगवान का यह संकेत है ज्ञान नगर से महाज्ञानी प्रेम नगर के प्रेमियों को समझने चले हैं। उधौ जी जब रास्ते में चलते हैं तो उनका दुपट्टा एक कांटे में उलझ जाता है, मार्ग के चारों तरफ जो कांटे हैं कांटों ने पकड़ लिया, कांटे रास्ता रोक रहे हैं कि कन्हैया का संदेश है,और दूसरा अर्थ यह लगाया गया कांटों ने दुपट्टों को उलझा लिया और यह समझा दिया कि उधो जी ज्ञान के अभियान में जा रहे हो प्रेमियों को समझाने के लिए लेकिन जैसे यह तुम्हारा दुपट्टा फट रहा है वैसे तुम्हारा ज्ञान के पहाड़ को प्रेमी फाड़ डालेंगे और बढ़ते बढ़ते ब्रजमंडल में पहुंचे ,और माता यशोदा को समझाने लगे,कन्हैया साक्षात ब्रह्म है नारायण है नारायण के विषय में इतना नहीं सोचना चाहिए उधौ जी कहते हैं कि वह समस्त संसार का पिता है समस्त संसार की माता है जगत का एकमात्र कारण है वह पूरी प्रकृति उसके अधीन है उसका ना तो कोई माता है ना तो उसका कोई पिता है ना तो कोई भाई है ना तो कोई बंधु है ना कोई सखा है वह सबका है किंतु उसका कोई नहीं है।

## निधन

**श्रीमती शकुंतला तेजवानी**



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** श्रीमती शकुंतला तेजवानी जी स्व. श्री लक्ष्मन दास तेजवानी जी की धर्मपत्नी – श्री आवत राम, श्री अशोक कुमार, श्री पहलाज,श्री हरि राम तेजवानी जी की भाभी – श्री राजेश, कमलेश, अमित, लक्की तेजवानी जी की माताश्री श्री संजय तेजवानी की चाची.... पौत्र मयूर ,अमन, दीपक, हिमांशु, चिराग,लक्ष,यश अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके प्रभू के चरणों में लीन हो गए हैं उनकी अंतिम यात्रा आज सुबह (17 मार्च मंगलवार )11 बजे निज निवास जीवन कालोनी बफॉनी आश्रम के पिछे राजनांदगांव से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

# दोना-पत्तल के व्यवसाय से आत्मनिर्भर बनीं ज्योति वैष्णव, स्व-सहायता समूह से मिली नई पहचान

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** मेहनत, आत्मविश्वास और सही मार्गदर्शन मिलने पर साधारण परिस्थितियों में जी रही महिलाएं भी सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंच सकती हैं। कबीरधाम जिले के जनपद पंचायत कवर्धा अंतर्गत ग्राम मटका की निवासी श्रीमती ज्योति वैष्णव ने स्व-सहायता समूह से जुड़कर दोना-पत्तल निर्माण का व्यवसाय शुरू किया और आज अपने परिवार की आय बढ़ाने के साथ-साथ गांव की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बन गई हैं। उन्होंने यह साबित कर दिया है कि स्व-सहायता समूह से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकती हैं और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकती हैं।

श्रीमती ज्योति वैष्णव पहले गांव में मजदूरी का कार्य करती थीं। परिवार की आय का कोई स्थायी साधन नहीं होने के कारण उन्हें कई प्रकार की आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और घर के खर्च को संभालना भी मुश्किल हो जाता था। इसी दौरान उन्हें गांव में संचालित च्जय माँ वैभव लक्ष्मी महिला स्व-सहायता समूहज्ज् के बारे में जानकारी मिली। समूह की गतिविधियों और महिलाओं को मिल रहे आर्थिक अवसरों को देखकर उन्होंने समूह से जुड़ने का निर्णय लिया। समूह से जुड़ने के



**ग्राम मटका की ज्योति वैष्णव बनीं च्लखपति दीदी**

बाद उन्होंने नियमित बचत करना शुरू किया और आजीविका गतिविधियों के लिए उन्हें विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आर्थिक सहायता भी मिली। समूह को चक्रीय निधि के रूप में 4 हजार रुपये तथा सामुदायिक निवेश कोष के रूप में 15 हजार रुपये की सहायता प्राप्त हुई। इसके अलावा बैंक से 1 लाख ऋण सुविधा मिलने से उन्हें स्वयं का व्यवसाय शुरू करने का अवसर मिला। ज्योति वैष्णव ने प्राप्त राशि का उपयोग करते हुए दोना-पत्तल निर्माण और किराना दुकान का कार्य शुरू किया। आज दोना-पत्तल निर्माण उनका प्रमुख व्यवसाय बन चुका है। धीरे-धीरे उनका व्यवसाय बढ़ने लगा और गांव के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों में भी उनके उत्पादों की मांग बढ़ गई। मेहनत और लगन के बल पर उन्होंने अपने व्यवसाय को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया। समूह से जुड़ने से पहले उनके परिवार की आय सीमित थी, लेकिन आज उनके परिवार की वार्षिक आय में वृद्धि हुई है। खेती, दोना-पत्तल निर्माण, किराना दुकान और मजदूरी जैसे विभिन्न स्रोतों से उनकी कुल वार्षिक आय लगभग 1 लाख 35 हजार रुपये तक पहुंच गई है। ज्योति वैष्णव बताती हैं कि स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद उनके जीवन में बड़ा बदलाव आया है। अब उन्हें अपने व्यवसाय के साथ-साथ परिवार का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। आत्मविश्वास बढ़ा है और गांव में उन्हें सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। आज श्रीमती ज्योति वैष्णव न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही हैं, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बन गई हैं।

# राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत अंतर्राज्यीय क्रॉस बॉर्डर मलेरिया कार्यशाला का हुआ आयोजन

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नादगाव टाइम्स )।** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय अंतर्राज्यीय, अंतरजिला क्रॉस बॉर्डर मलेरिया कार्यशाला का आयोजन विकासखंड बोड़ला के रेंगाखारकला में सफलतापूर्वक किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में मलेरिया नियंत्रण एवं उन्मूलन के लिए विभिन्न राज्यों एवं जिलों के स्वास्थ्य विभागों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करना, अनुभवों का आदान-प्रदान करना तथा प्रभावी रणनीति तैयार करना था।



कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ राजकीय गीत एवं स्वागत गीत के साथ गरिमामय वातावरण में हुआ। उपस्थित अतिथियों का पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया तथा कार्यशाला के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर बताया गया कि मलेरिया एक गंभीर वेक्टर जनित रोग है, जिसका प्रभाव वनांचल एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में अधिक देखा जाता है। इसलिए सीमावर्ती जिलों एवं राज्यों के बीच समन्वित कार्ययोजना अत्यंत आवश्यक है। कार्यशाला में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती जिलों के वरिष्ठ अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि शामिल हुए। इनमें जबलपुर संभाग (मध्यप्रदेश) के जोनल एंटोमोलॉजिस्ट, विश्व स्वास्थ्य संगठन छत्तीसगढ़ के राज्य समन्वयक, मध्यप्रदेश के बालाघाट, मंडला एवं डिंडोरी के जिला मलेरिया अधिकारी तथा छत्तीसगढ़ के मुंगेली, बेमेतरा, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, राजनांदगांव एवं कबीरधाम के जिला मलेरिया अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त कबीरधाम जिले के बोड़ला, पंडरिया, सहसपुर लोहारा एवं कवर्धा विकासखंड के खंड चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम, सेक्टर सुपरवाइजर, मितानिन प्रशिक्षक, वीबीडी सलाहकार, टेक्निकल सुपरवाइजर तथा मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी भी शामिल हुए।

# समावेशी शिक्षा को नई दिशा : जिले में तीन दिवसीय जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला संपन्न

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** समावेशी शिक्षा को सुदृढ़ बनाने तथा दिव्यांग बच्चों को शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से




जिला स्तरीय तीन दिवसीय उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन 12 मार्च से 14 मार्च 2026 तक सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यशाला कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशन तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन जिला शिक्षा अधिकारी श्री एफआर. वर्मा, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा विनोद श्रीवास्तव एवं सहायक कार्यक्रम अधिकारी तथा समावेशी शिक्षा प्रभारी राकेश चंद्रवंशी के कुशल नेतृत्व में किया गया। कार्यशाला में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए शिक्षक-शिक्षिकाओं, पालकों, अभिभावकों तथा दिव्यांग बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को दिव्यांगजनों से संबंधित अधिकार, उपलब्ध शासकीय सुविधाएं, सहायक उपकरण, छात्रवृत्ति, पेंशन तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। तीन दिवसीय प्रशिक्षण में जिले के मास्टर ट्रेनरों द्वारा विभिन्न सत्रों के माध्यम से उपयोगी मार्गदर्शन दिया गया। इनमें श्री नरेश कुमार सोनी, श्रीमती रेशमा मेश्राम, विनोद पुरी गोस्वामी, श्रीमती होम बाई साहू, गायत्री प्रसाद साहू, राजनारायण साय एवं देवकुमार साहू शामिल रहे। कार्यशाला के सफल आयोजन में बीआरसी कवर्धा के श्री एल. साहू तथा कवर्धा विकासखंड के सहायक शिक्षा अधिकारी अजय चंद्रवंशी का विशेष सहयोग रहा। उन्होंने तीनों दिवस सक्रिय सहभागिता करते हुए समावेशी शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतिभागियों ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं दिव्यांग बच्चों के अधिकारों तथा उनके लिए संचालित योजनाओं की जानकारी समाज तक पहुंचाने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होती हैं।

# मारपीट से पीड़ित व्यक्ति ने लगाई न्याय की गुहार, अभिमन्यु उदय मिश्रा ने समझाइश दे कर एसपी व सीएसपी से करवाई मुलाकात

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिले के ग्राम ठेलकडीह निवासी एस. के. साहू ने अपने साथ हुई मारपीट के मामले में न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित शुक्रवार को अपनी व्यथा लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा व उनके साथियों के पास पहुंचे। उन्होंने बताया कि हाल ही में आयोजित एक सामाजिक बैठक के दौरान कुछ लोगों ने उनके साथ गंभीर मारपीट की। इस घटना में उनके सिर में चोट आई है और मारपीट इतनी गंभीर थी कि उन्हें अब भी स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित ने यह भी बताया कि बीच-बचाव करने पहुंची उनकी बहन सहित अन्य परिजनों के साथ भी आरोपियों द्वारा मारपीट की गई, जिससे उन्हें भी चोटें आईं।

पीड़ित एस. के. साहू का आरोप है कि घटना के बाद से ही उन्हें लगातार धमकियां दी जा रही हैं और अब तक आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं की गई है। इसी वजह से वे मानसिक रूप से काफी परेशान थे और निराशा की स्थिति में उन्होंने आत्मदाह करने की बात कही। पीड़ित अपने साथ ईंधन से भरा कंटेनर लेकर एसपी कार्यालय जाने की तैयारी में था।मामले की गंभीरता को देखते हुए अभिमन्यु उदय मिश्रा और उनके सहयोगियों ने पीड़ित को समझाइश दी और उसे इस तरह का कदम उठाने से रोका। इसके बाद वे स्वयं पीड़ित को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा से मुलाकात कर पूरे



मामले से अवगत कराया। एसपी अंकिता शर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को उचित जांच और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

इसके पश्चात अभिमन्यु उदय मिश्रा ने पीड़ित और अपने सहयोगियों के साथ नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंडर किरो से भी मुलाकात की। नगर पुलिस अधीक्षक ने भी अपनी ओर से पीड़ित को समझाइश दी और मामले की जानकारी लेते हुए बताया कि इस प्रकरण में प्रारंभिक एफआईआर दर्ज की जा चुकी है और आरोपियों को मुचलका दिया गया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पीड़ित की मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद उसके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अभिमन्यु उदय मिश्रा ने कहा कि किसी भी पीड़ित को न्याय के लिए इस तरह निराश होकर आत्मदाह जैसे कदम उठाने की स्थिति में नहीं आना चाहिए। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि पीड़ित को न्याय मिल सके और भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए वे लगातार प्रशासन के समक्ष इस मामले को उठाते रहेंगे इस दौरान अभिमन्यु मिश्रा के साथ प्रदीप यादव, संदीप सोनी, सौम्य शर्मा, प्रथम हरिहरणों, निलेश देशलहरे, पीड़ित के परिजन आदि मौजूद थे ।

## धर्म समाचार....

# पूजा में करें इन शक्तिशाली मंत्रों का जप, पाएं भगवान राम की असीम कृपा




राम नवमी, चैत्र नवरात्र के आखिरी दिन मनाई जाती है। वैदिक पंचांग के अनुसार, भगवान श्रीराम का जन्म चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर मध्याह्न काल में हुआ था। ऐसे में पंचांग के अनुसार 26 मार्च 2026 को राम नवमी (ऋड्डद्व हड्ड1ड्डद्वद्व 2026) मनाई जाएगी। इस दिन पर आप राम जी के इन दिव्यों मंत्रों का जप कर विशेष कृपा प्राप्त कर सकते हैं।

**राम जी के मंत्र**

1. ? श्री रामाय नमः ॥

2. ? श्री रामचन्द्राय नमः। 3. ? रां रामाय नमः।

4. श्रीराम तारक मंत्र – श्री राम, जय राम, जय जय राम। 5. श्रीराम गायत्री मंत्र –

6. ? दाशरथये विद्महे सीतावल्लभाय धीमहि।

तन्नो रामः प्रचोदयात॥

7. श्री राम रक्षा मंत्र – ? ह्रां ह्रीं रां रामाय नमः ॥

8. राम ध्यान मंत्र – श्री रामाय रामभद्राय रामचंद्राय वेधसे रघुनाथाय नाथाय सीताया पतये नमः।

9. विपत्ति में रक्षा हेतु–

राम रामेति रामेति रमे रामे मनोरमे ।

सहस्त्र नाम तत्तुन्यं राम नाम वरानने ।

**10. मुक्ति और प्रभु प्रेम हेतु–**

77 नाम पाहरु दिवस निसि ध्यान तुम्हार कपाट 77

77 लोचन निजपद जंत्रित जाहि प्राण केहि बाट 77

11. ग्रह क्लेश निवारण और सुख संपत्ति दायक–

हे रामा पुरुषोत्तमा नरहरे नारायणा केशवा।

गोविन्दा गरुड़ध्वजा गुणनिधे दामोदरा माधवा॥

हे कृष्ण कमलापते यदुपते सीतापते श्रीपते।

बैकुण्ठाधिपते चराचरपते लक्ष्मीपते पाहिमाम्॥



**राम नवमी पर जरूर करें ये काम**

राम नवमी के दिन व्रत रखें और रामचरितमानस या सुंदरकांड का पाठ करें। भगवान राम को पीले रंग की मिठाई, केसर भात, पंचामृत, धनिया पंजीरी का भोग जरूर लगाएं। पूजा में पीले फूल भी जरूर शामिल करें। आप अपनी क्षमता के अनुसार, इस दिन पर गरीबों को दान करें और प्रसाद में खीर या मिठाई बांटे। इस दिन तामसिक भोजन (प्याज, लहसुन, मांस-मदिरा) का सेवन न करें।

## रोजाना तुलसी के पास इस तरह से जलाएं दीपक, बनी रहेगी सुख-सृमद्धि

तुलसी को हिंदू धर्म में केवल एक पौधे के तौर पर नहीं देखा जाता, बल्कि इसे पूजनीय माना जाता है। रोजाना सुबह-शाम तुलसी की पूजा की जाती है और इसके पास एक घी का दीपक भी जरूर जलाया जाता है। ऐसा माना जाता है कि इससे न केवल नकारात्मकता दूर होती है, बल्कि घर में सुख-समृद्धि और शांति भी बनी रहती है। रोजाना नियमानुसार तुलसी के पास दीपक जलाने से साधक को भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी दोनों की कृपा मिलती है। चलिए जानते हैं इसकी सही विधि। सूर्योदय से पहले यानी ब्रह्म मुहूर्त में और सूर्यास्त के समय यानी संध्या काल में तुलसी के पास दीपक जलाना सबसे शुभ माना गया है। इन दोनों समय पर तुलसी के पास घी का दीपक जलाने से देवी लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और साधक को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देती हैं।



**दीपक जलाने की सही विधि**– सबसे पहले तुलसी के पौधे के आसपास अच्छे से साफ कर लें। दीपक को अच्छी तरह साफ करने के बाद रूई की बाती लगाएं और घी डालें। दीपक को सीधे जमीन पर न रखने की जगह आप इसे चावल, फूल या कोई आसन पर रख सकते हैं। दीपक को पूर्व या उत्तर दिशा की ओर बाती करके जलाएं। वास्तु में इन दिशाओं को शुभ माना गया है। तुलसी के पास दीपक जलाते समय मन में सकारात्मक विचार रखें और तुलसी माता का ध्यान करें। तुलसी माता का मंत्र ? तुलसी देव्यै नमः का जप करें। दीपक जलाने के बाद, तुलसी के पौधे की 5,7 या 11 बार परिक्रमा करें और प्रणाम करें।

**मिलते हैं ये लाभ**– तुलसी के पास दीपक जलाने से आपको वास्तु दोष से राहत मिल सकती है। रोजाना तुलसी के पास दीपक जलाने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार बढ़ता है। इतना ही नहीं, तुलसी के पास दीपक जलाने से धन, वैभव और शुभता आकर्षित होती है। घर में सुख-शांति का माहौल बना रहता है।

nandgaon times march-17-4.qxd 3/17/2026 12:00 AM Page 4




- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बेडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971


# श्रद्धा भक्ति और आस्था के साथ संस्कारधानी में पूजी जा रही गणगौर

## शिव और पार्वती के स्वरुपों की होती है पूजा, रंगोत्सव से नवरात्र तीज तक मनाया जाता है पर्व

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ की संस्कारधानी में भी राजस्थान के सबसे बड़े पर्व गणगौर की पूजा श्रद्धा भक्ति के साथ की जा रही है। गण मतलब शंकर और गौर मतलब पार्वती के स्वरूप की पूजा होलिका दहन के दूसरे रोज से कन्याओं, नव विवाहितों एवं महिलाओं के द्वारा 16 दिनों तक विभिन्न रीति रिवाजों के तहत मनाया जा रहा है। इस पर्व का अंतिम दिन गणगौर उत्सव के रूप में इस वर्ष 21 मार्च शनिवार को चैत्र शुक्ल पक्ष तृतीया के दिन बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा।

इस संबंध में संस्कृति शर्मा ने बताया कि गणगौर पर्व प्रेम और पारिवारिक सौहार्द्र के साथ श्रद्धा भक्ति व आस्था के साथ मनाया जाता है इस पर्व में भवगान शंकर व पार्वती के स्वरूप की गणगौर के रूप में पूजा अर्चना 16 दिनों तक की जाती है।

**भोलेनाथ को पाने मां पार्वती ने की थी पूजा**

विभिन्न ग्रंथों व कथाकारों के अनुसार गणगौर के महत्व को इस रूप में समझाया गया है कि मां पार्वती ने भोलेनाथ को पाने के लिए गहन तप किया था। जिससे प्रसन्न होकर भोलेनाथ प्रकट हुए और माता पार्वती से वर मांगने कहा तो उन्होंने भगवान भोलेनाथ को अपने वर के रूप से मांगा। इस कारण गणगौर को गण मतलब शंकर और गौर मतलब पार्वती के रूप में चैत्र माह के कृष्ण व शुक्ल पक्ष में पूजा जाता है।

**छत्तीसगढ़ के लोक पर्व से है समानता**



जिस प्रकार छत्तीसगढ़ में दीपावली पर्व पर गौरी गौरा के तहत भगवान शिव और पार्वती की पूजा अर्चना की जाती है। ठीक उसी प्रकार होली के दूसरे रोज रंगोत्सव से गणगौर का प्रारंभ होता है। इसमें भी शिव और पार्वती की ही पूजा का महत्व है। दोनों ही पर्वों में विसर्जन के समय गौरी गौरा व गणगौर को महिलाएं सिर पर रखकर नृत्य करते हुए शोभायात्रा में निकलती है तत्पश्चात विसर्जन किया जाता है। इस तरह यह पर्व छत्तीसगढ़ के गौरी गौरा से भी समानता रखता है। इस वर्ष गणगौर का प्रारंभ 4 मार्च रंगोत्सव से प्रारंभ हुआ था, इस पर्व का आखिरी दिन 21 मार्च शनिवार को गणगौर पूजन, उद्यापन व विसर्जन के साथ होगा।

**गणगौर के श्रृंगार का भी है महत्व**

होली के दूसरे दिन से प्रारंभ होने वाले गणगौर पर्व की पूजा होलिका में चढ़ाए जाने वाले गाय के गोबर के कंडे से बने बरकुला को होली जलने के पश्चात एकत्रित कर 16 बरकुला चढ़ाकर पूजा प्रारंभ की जाती है। 16 दिनों तक होने वाली इस पूजा में 16 गीत, 16 सुहाग का श्रृंगार व हल्दी, काजल, कुमकुम व मेहंदी से 16 दिनों तक बिंदी लगाकर पूजा की जाती है। इस पर्व में इसर गणगौर व मालिन की मूर्तियां जयपुर, राजस्थान से लकड़ी की प्रतिमा की तो कुछ लोग स्थानीय मूर्तिकारों के द्वारा मिट्टी की इसर गणगौर व मालिन की प्रतिमा लाकर पूजा अर्चना करते हैं।

### आस्था का महान पर्व

हिन्दू रिती रिवाजों में त्यौहारों का विशेष महत्व होता है। इसी के तहत राजस्थान सहित गणगौर को मामने वाले देश के विभिन्न हिस्सों में लोग पति की लंबी उम्र की कामना व परिवार के सुख, समृद्धि व शांति के लिए यह पर्व आस्था व श्रद्धा भक्तिभाव के साथ मनाते हैं। होली के पश्चात पड़ने वाली शीतला अष्टमी से इसर गणगौर व मालिन को विराजमान कर शोभायात्रा के रूप में बिंदोरा निकाला जाता है। सबेरे दूबी व जल से पूजा कर सूर्य को अर्ध्य दिया जाता है। इस बार गणगौर पर्व 21 मार्च शनिवार को चैत्र शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर विशेष पूजा अर्चना के साथ शहर के विभिन्न स्थानों, मंदिरों, समाजों व घरों में विराजमान गणगौर की शोभायात्रा निकालकर शहर भ्रमण कराकर मां शीतला मंदिर माता देवाला के बुढ़ा सागर में विसर्जित करेंगी।

# मनरेगा पर विधानसभा घेराव में राजनांदगांव से सैकड़ों कार्यकर्ता जाएंगे - विपिन यादव


**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के



आह्वान पर 17 मार्च 2026 को रायपुर में आयोजित च्मनरेगा बचाओ संग्रामज्ज् के तहत प्रस्तावित विधानसभा घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव द्वारा जिले के समस्त ब्लॉकों में बैठकें लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। इस संबंध में जिलेभर में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के बीच व्यापक जनसंपर्क कर आंदोलन को मजबूत बनाने की रणनीति भी तय की गई है।जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी अनीस खान द्वारा जारी बयान में जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सम्माननीय अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार तथा प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट और राज्य के वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं के नेतृत्व में मनरेगा में किए गए श्रमिक विरोधी और जनविरोधी परिवर्तनों के खिलाफप्रदेशभर के कांग्रेसजन रायपुर में विधानसभा का घेराव करेंगे। विपिन यादव ने बताया कि राजनांदगांव जिले के सभी ब्लॉकों में बैठकें लेकर कार्यकर्ताओं को आंदोलन की रूपरेखा से अवगत कराया गया है और रायपुर जाने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिले के विभिन्न ब्लॉकों से सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता रायपुर पहुंचकर विधानसभा घेराव में शामिल होंगे और श्रमिकों व ग्रामीणों के अधिकारों की आवाज बुलंद करेंगे। जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने जिले के सभी वरिष्ठ कांग्रेसजनों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में रायपुर पहुंचकर इस महत्वपूर्ण आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मनरेगा गरीबों, मजदूरों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा है, लेकिन वर्तमान सरकार इसके स्वरूप को कमजोर करने का काम कर रही है। विपिन यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी श्रमिकों, किसानों और ग्रामीणों के अधिकारों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगी और मनरेगा में किए गए श्रमिक विरोधी निर्णयों के खिलाफसड़क से लेकर विधानसभा तक संघर्ष जारी रखेगी।

# कुंभकार समाज ने रंग गुलाल और नगाड़ों की थाप की गीत संगीत से होली मिलन मनाया

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर पंचायत श्रेत्र वार्ड कुंभकार पारा के दुर्गा चौक में कुंभकार समाज द्वारा



होली मिलन समारोह धूमधाम से सम्पन्न हुआ, होली मिलन समारोह कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पहुंचे अतिथि दिनेश गांधी, नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, रामकुमार गुप्ता, गुलशन हिरवानी, घनश्याम साहू,दिना पटेल, संतोष यादव, पार्षद राजा जैन, सतीश पाण्डेय, और कुंभकार समाज के केजू राम , सोनऊ कुंभकार, प्रताप कुंभकार, शिव कुमार, मुन्ना कुंभकार, मुकेश कुंभकार एवं सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में एक दूसरे को हर्बल गुलाल रंग , तथा फूलों की पंखड़ियों से अभिनंदन करते हुए व शुभकामनाएं देते हुए उत्साह पूर्वक होली मिलन पर्व की खुशियां साझा किया। होली मिलन में कुंभकार समाज द्वारा नगाड़े के थाप और गीत संगीत से की शानदार प्रस्तुति के साथ सम्मानित किया गया,

# कुहीखुर्द में आज मनाया जाएगा परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा जयंती समारोह

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** परिक्षेत्र साहू समाज गैंदाटोला के तत्वावधान में परिक्षेत्र स्तरीय भक्त माता कर्मा जयंती समारोह 17 मार्च, मंगलवार को ग्राम कुहीखुर्द में धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर समाज के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है और आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

आयोजन समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार समारोह के अंतर्गत सुबह 11 बजे कर्मा मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो गांव के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरेगी। इसके पश्चात दोपहर 2 बजे अतिथियों का स्वागत, सम्मान एवं उद्बोधन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वहीं शाम को प्रसादी वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजनों के शामिल होने की संभावना है।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक खुज्जी विधानसभा क्षेत्र श्रीमती छन्नीचंदू साहू उपस्थित रहेंगी। प्रमुख अतिथि के रूप में जिला पंचायत राजनांदगांव की सभापति श्रीमती बिरम बाई मंडावी शामिल होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री चुरामन साहू करेंगे। समारोह में विशेष अतिथियों के रूप में



मदन लाल साहू (उपाध्यक्ष जिला साहू समाज राजनांदगांव), भारत लाल साहू (संरक्षक परिक्षेत्र साहू समाज गैंदाटोला), बालकिशन साहू (उपाध्यक्ष तहसील साहू समाज छुरिया), श्रीमती हेमिन विष्णु साहू (सभापति जनपद पंचायत छुरिया), श्रीमती कुमेश्वरी गजेन्द्र साहू (उपाध्यक्ष तहसील साहू समाज छुरिया), खिलेन्द्र साहू (अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज झिथराटोला), उमेश कुमार साहू (अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज छुरिया), हुकुम साहू (अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज कल्लुबाजारी), अश्वनी कुमार कलिहारी, कुमार साहू (अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज भोलापुर), मनसुख साहू (सचिव तहसील साहू समाज छुरिया), रामसुरत साहू (पूर्व जनपद सदस्य आलीवारा), तुलेश कुमार साहू (पूर्व जनपद सदस्य कुहीखुर्द), खिलेश्वर साहू (अध्यक्ष भाजपा मंडल गैंदाटोला) तथा सुनील कुमार मंडावी (सरपंच ग्राम पंचायत कुहीकला) सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। साथ ही परिक्षेत्र साहू समाज के सभी ग्रामीण अध्यक्ष भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। आयोजन समिति के वीरेंद्र कुमार साहू (अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज गैंदाटोला), धनेश कुमार साहू (सचिव), भारत लाल साहू (ग्रामीण अध्यक्ष) तथा भारतद्वाज साहू (ग्रामीण सचिव) ने परिक्षेत्र साहू समाज के सभी स्वजातीय भाई-बहनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कर्मा जयंती समारोह को सफल बनाने का आह्वान किया है।इस संबंध में जानकारी मीडिया प्रभारी गिरधर लाल साहू द्वारा दी गई।

# कुरुभाँठ में नवीन सोसायटी के विरोध में किसानों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** शासन प्रशासन द्वारा ग्राम कुरूभांठ में नवीन सोसायटी प्रारंभ करने के आदेश के विरोध में राका,मुड़पार, बधियाटोला,छिरपानी के दर्जनों किसान राजनांदगांव कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर शासन द्वारा ग्राम कुरुभाठ में नवीन सोसायटी नहीं खोलने की मांग रखते हुए ज्ञापन के माध्यम से मांगपत्र सौंपा गया है। आपको बता दें कि इस विषय के निराकरण के लिए किसानों द्वारा बढ़ियाटोला मुरमुंदा मार्ग पर शांतिपूर्वक दो बार चक्काजाम किया जा चुका है और कई बार शासन प्रशासन को ज्ञापन के माध्यम से मांगपत्र सौंपा गया है परन्तु इस विषय का निराकरण नहीं निकल पाया है जिससे किसान अपने आप को



ठगा महसूस कर रहे है। किसानों ने अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा से मिलकर चर्चा कर ज्ञापन सौंपा गया है जिसमें उल्लेख है कि पूर्व में ग्राम राका में सोसायटी खोले जाने हेतू आदेश हुआ था परन्तु ग्राम राका के स्थान पर ग्राम कुरुभांठ में नवीन सोसायटी स्थानान्तरण किया जा रहा है। जिसे रोककर हमारे ग्राम बधियाटोला, छिरपानी, रामनगर या ग्राम राका में नवीन सोसायटी खोला जावे यादि सम्भव ना हो तो वर्तमान में संबंधित सोसायटी मुड़पार में यथावत् रखा जावे, यदि इन सभी गांव वालो को बिना जानकारी के अगर चोरी छिपे ग्राम कुर्रमाठ नवीन सोसायटी में जोड़ने की प्रयास करती है तो आगामी दिवस के भीतर मांग पुरी नही की जाने पर बधियाटोला-राका मार्ग पर हमारे द्वारा चक्का जाम किया जावेगा, जिसके लिए शासन स्वयं जिम्मेदार होगा।हमारे द्वारा लगभग 10 मांह पूर्व से समय-समय पर संबंधित अधिकारीयो को आवेदन दिया गया है परन्तु आज तक कोई कार्यवाही नही हुई है जिससे हम सभी कृषकगण बहुत परेशान है और शासन प्रशासन से निवेदन करते है कि नवीन सोसायटी बधियाटोला या राका में दिया जाए और अगर यहां नवीन सोसायटी नही होगा तो यथावत मुड़पार को रखा जावे।

# ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा आज विधानसभा का घेराव करेंगे

**ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक में सम्पन्न**

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 17 मार्च को छत्तीशगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी रायपुर द्वारा होने वाले मनरेगा बचाओ संग्राम एवं अन्य विभिन्न



मुद्दों को लेकर विधानसभा घेराव के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिला प्रभारी ममता चंद्राकर (पूर्व विधायक पंडरिया), खुज्जी विधान सभा प्रभारी थानेश्वर पाटीला (प्रदेश महामंत्री), विपिन यादव अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी राजनंदगांव, छन्नी चंदू साहू पूर्व विधायक खुज्जी, रूपेंद्र वर्मा पीसीसी डेलीगेट , राहुल तिवारी महामंत्री प्रभारी, धर्मेंद्र साहू अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी छुरिया, चुम्मन साहू , पंकज बांधव, तरुण सिन्हा , सोनू खान , राजेंद्र मारकंडे , मोहम्मद वसीम ,भावेश सिन्हा ,गोचरण साहू ,रोहित चंद्रवंशी ,चंद्रिका वर्मा , सीमा यादव ,राजकुमारी सिन्हा , अकील मेमन , राजील कुरैशी की उपस्थिति में ब्लॉक के सभी वरिष्ठ साथियों, सभी मंडल अध्यक्षों एवं महिला-पुरुष कार्यकर्ताओं के साथ विस्तृत चर्चा की गई। ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धर्मेन्द्र साहू ने बैठक चर्चा के दौरान यह निर्णय लिया गया कि सभी मण्डल व सेक्टर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में 17 तारीख को होने वाले विधानसभा घेराव कार्यक्रम में शामिल होंने की अपील की है।

# पद्मावतीपुर में सड़क निर्माण में लापरवाही, खाद से भरा ट्रैक्टर धंसा - बड़ी दुर्घटना टली



**छुईखदान (नांदगांव टाइम्स)।** ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले पद्मावतीपुर से डोकराभाठा तक हाल ही में निर्मित पक्की सड़क में गंभीर लापरवाही सामने आई है। ग्रामीणों का आरोप है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा किए गए सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता बेहद खराब है, जिसके कारण सड़क कई जगहों पर दरारों में बदल चुकी है और कुछ स्थानों पर सड़क दो हिस्सों में बंट गई है।

बताया जा रहा है कि पद्मावतीपुर के गौठान के पास सड़क के दोनों किनारों पर नाली का निर्माण किया गया है, लेकिन नियमानुसार कंक्रीट से ढलाई नहीं की गई। इसके बजाय केवल पत्थर बिछाकर उसके ऊपर मुरूम डाल दिया गया, जिससे सड़क की मजबूती कमजोर हो गई है। भारी वाहनों के आवागमन से सड़क लगातार धंस रही है और दुर्घटना की स्थिति बन रही है। इसी लापरवाही का परिणाम हाल ही में देखने को मिला, जब खपरी गांव के एक किसान का खाद से भरा ट्रैक्टर सड़क के किनारे धंस गया। किसान खाद गोदाम से खाद भरकर अपने गांव जा रहा था और कुछ अतिरिक्त खाद लेने के लिए पद्मावतीपुर आया था। इसी दौरान सड़क के कमजोर हिस्से में ट्रैक्टर का पहिया धंस गया और ट्रैक्टर एक तरफ झुक गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद किराए की जेसीबी मशीन बुलाकर ट्रैक्टर को बाहर निकाला गया। इस घटना में ट्रैक्टर को नुकसान भी हुआ, जिससे किसान को आर्थिक क्षति उठानी पड़ी। हालांकि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई।



ग्रामीणों का कहना है कि इस सड़क से प्रतिदिन ट्रैक्टर, जेसीबी, हाईवा और अन्य मालवाहक वाहन गुजरते हैं। सड़क की खराब गुणवत्ता के कारण यहां आए दिन वाहन फंसने और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क निर्माण की जांच कराने, जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों पर कार्रवाई करने तथा सड़क की जल्द मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।


आवश्यकता है

Nursing Staff

(ICU & NICU) – 5 पोस्ट

(ANM, GNM, BSC Nursing)

डी. एन. ए. क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल

एक्सिस बैंक के पास , भदोरिया चौक राजनांदगांव (छ.ग.)

मो.न. : 7509154040 , 9343184709



प्रिसिशन इंजी वर्क्स

स्टील अलमारी, स्ट्रोंग रूम गेट

सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।

पता- इण्डस्ट्रियल एरिया, जीई रोड, राजनांदगांव

मो. 94060-11669


प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com